दिन—गुरुवार दिनांक— 30 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार अभियान और तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर छठ पर्व का अपमान करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ओर विपक्षी दल इस पर्व को ड्रामा बता रहे हैं वहीं, दूसरी ओर एनडीए और भाजपा बिहार की भाषा, बोली, संस्कृति तथा विरासत को प्राथमिकता के आधार पर बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। श्री मोदी ने कहा कि बिहार की जनता इस अपमान को सदियों तक नहीं भूलेगी, क्योंकि ये उनके स्वाभिमान पर हमला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वंशवाद की राजनीति ही कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की मुख्य पहचान है। श्री मोदी ने कहा कि राजद के चुनावी प्रचार में पिस्टल, छूरी और बन्दूकों की बात होना पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है और उसके द्वारा पहले स्थापित जंगलराज की याद दिलाता है।

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लखीसराय में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये महागठबंधन के घटक दलों पर बिहार की सांस्कृतिक विरासत को अपमानित करने का अरोप लगाया। उन्होंने कहा कि छठ पर्व पर आपत्तिजनक बयान देकर इन दलों ने अपनी मानसिकता का परिचय दे दिया है। श्री शाह ने कहा कि नीतीश कुमार ने जंगलराज को समाप्त कर बिहार में विकास के नये युग की शुरूआत की है। उन्होंने लोगों से एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की। दूसरी ओर, जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय के मटिहानी और खोदावंदपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये अपनी सरकार की उपलब्धियों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि न्याय के साथ विकास एनडीए सरकार की प्राथमिकता रही है।

इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की आज बिहारीगंज और आलमनगर में होने वाली चुनावी सभाएं खराब मौसम के कारण नहीं हो सकी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल वोटों के लिए बिहार के लोगों का शोषण करते हैं और गुजरात में उद्योग स्थापित करते हैं। उन्होंने बिहार के लोगों से एकजुट होकर इन पार्टियों को सत्ता में लौटने से रोकने की

अपील की। वहीं, वाम दलों समेत अन्य राजनीतिक दलों ने भी अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

———————————————————————

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कल गुजरात के केवड़िया में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के प्रतीक के रूप में एक शानदार एकता परेड का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस परेड का उद्घाटन करेंगे, जो हर साल इकतीस अक्टूबर को एकता नगर में आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि यह परेड नई दिल्ली की गणतंत्र दिवस परेड की तर्ज पर होगी। केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों के अलावा राज्यों के पुलिस बल और देश भर के कलाकार इस समारोह में शामिल होंगे। श्री शाह ने बताया कि यह परेड पुलिस बल के साहस और बलिदान को समर्पित होगी। श्री शाह ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में पहली नवंबर से पन्द्रह नवंबर तक एकता नगर में भारत पर्व के आयोजन की भी घोषणा की।

———————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अवर सचिव सुजीत नाथ चरण ने कहा है स्वच्छता में ही पवित्रता का निवास होता है। स्वच्छता अभियान फाइव प्वाइंट ओ की समीक्षा के लिये आकाशवाणी पटना के निरीक्षण के दौरान श्री चरण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सरकारी संस्थानों को स्वच्छ और हरित वातावरण प्रदान करने के लिये प्रतिवर्ष यह अभियान चंलाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस इस अभियान में ई–वेस्ट के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया गया। श्री चरण ने आकाशवाणी पटना में इक्कीस स्वच्छता अभियान चलाने और तीन सौ से अधिक पेड़ लगाने की सराहना भी की। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आकाशवाणी परिसर में पौधारोपण भी किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।